हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 20 जून 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 ग्राम पंचायत झिलमिली के बेलटकरीपारा स्थित मुक्तिधाम की हालत दयनीय



KILLER
SALE
UP TO 40% OFF
KILLER STORE - NEAR POONAM LODGE
OLD BUS STAND - AMBIKAPUR
CALL- 7400049987

SALE
END OF SEASON SALE
UP TO 60% OFF

प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) DMLT (2 years)
DXRT (3 years) O.T. (1 years)
D.Pharma (3 years) Ophthalmic ass. (2 years)
साव्या इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000

ए.के. पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट
BMLT DMLT D.Pharma BPT
OT Technician X-Ray Technician
अम्बिकापुर (छ.ग.)
7772963125, 9039511123

## सांसद, विधायकों ने दिखाई हरीझंडी

# 850 श्रद्धालुओं के साथ अयोध्या के लिए रवाना हुई आस्था स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- जय श्री राम के जयकारे से गुंजा रेलवे स्टेशन

प्रदेश सरकार की श्री राम लला दर्शन योजना के तहत आज श्रद्धालुओं से भरी आस्था स्पेशल ट्रेन अयोध्या के लिए रवाना हुई। सरगुजा अंचल से इस विशेष ट्रेन में 850 श्रद्धालु श्री रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुए। रेलवे स्टेशन पर सरगुजा सांसद व विधायकों ने फीता काटकर श्रद्धालुओं को ट्रेन में बैठाया और फिर हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को अयोध्या के लिए रवाना किया।

इस दौरान रेलवे स्टेशन जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा। अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बता दें कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान जनता से वादा किया था कि सरकार बनने पर श्रद्धालुओं को श्री रामलला के दर्शन कराए जाएंगे। प्रदेश में सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के निवासियों को अयोध्या में श्री रामलला का दर्शन कराने श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की गई है। योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में 55 वर्ष से अधिक और 75 वर्ष से कम उम्र के बुजुर्ग श्रद्धालुओं का चयन किया गया लेकिन इस बीच लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद यात्रा को स्थगित कर दिया गया था। अब चुनाव संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं के लिए श्री रामलला दर्शन योजना फिर से शुरू की गई और सभी जिलों से चयनित लाभार्थियों संभाग मुख्यालय में बुलाया गया था। इस दौरान सूरजपुर, बलरामपुर जिले से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या रवाना होने के लिए सरगुजा पहुंचे थे। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।



यात्रियों को रवाना करते सांसद एवं विधायक।

### यात्रा के दौरान दी जाएगी सभी सुविधाएं

आज रामलला दर्शन योजना के तहत आस्था स्पेशल ट्रेन को रवना करने से पहले सांसद चिंतामणी महाराज, विधायक राजेश अग्रवाल, विधायक प्रबोध मिंज, कलेक्टर व अन्य जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर श्रद्धालुओं को ट्रेन में बैठाया इसके बाद निर्धारित समय पर हरीझंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान सांसद चिंतामणी महाराज ने श्रद्धालुओं से ट्रेन के अंदर मुलाकात कर उन्हें श्रीरामलला दर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां शासन द्वारा पहल करके श्रद्धालुओं को अयोध्या में श्रीरामलला का दर्शन कराने की योजना संचालित की जा रही है। यात्रा के दौरान सभी आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

रामलला दर्शन के बुधवार को 850 श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना हुए। इनमें सरगुजा जिले के 170, सूरजपुर जिले के 147, बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के 160, जशपुर जिले के 204, कोरिया जिले के 102, एमसीबी जिले के 57 श्रद्धालु शामिल है। आज श्रीरामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में भी काफी उत्साह दिखाई दिया। जय श्री राम के जयकारे के साथ श्रद्धालुओं को अयोध्या के लिए रवाना किया गया।

### रामभक्तों का जत्था बस से अम्बिकापुर रवाना

**बिश्रामपुर।** श्री रामलला दर्शन योजना के तहत बुधवार को नगर से भक्तों के जत्थे को जनप्रतिनिधियों द्वारा रवाना किया गया। शासन के मंशानुरूप नगर पंचायत बिश्रामपुर व आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अयोध्या धाम में श्रीराम लला के दर्शन हेतु स्थानीय बस स्टैंड से रामभक्तों के जत्थे को बैठाकर अंबिकापुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया। इस दौरान नगर पंचायत सीएमओ सुशील कुमार तिवारी, नगर पंचायत के पार्षद रविशंकर बउवा, भाजयुमो जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता, नोडल अधिकारी अर्जुन गुर्जर, पंचायत सचिव विरेंद्र कुशवाहा व अन्य उपस्थित थे।



### 147 तीर्थ यात्रियों को रामलला दर्शन के लिए किया गया रवाना

**सूरजपुर।** जिले से 147 तीर्थ यात्रियों को विभिन्न जनपद कार्यालयों से श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम यात्रा योजना अंतर्गत आज बस के माध्यम से अंबिकापुर रेलवे स्टेशन के लिए सुबह 8 बजे रवाना किया गया। पहले चरण में जिले के 147 श्रद्धालुओं को यह अवसर प्राप्त हुआ है। जनपद पंचायत सूरजपुर से 55, ओड़गी से 34, प्रेमनगर से 31 और प्रतापपुर से 24 तीर्थ यात्री इस यात्रा का हिस्सा बनें। श्रद्धालुओं के लिए जनपद पंचायत कार्यालय ओड़गी, प्रेमनगर व प्रतापपुर में बस की व्यवस्था की गई थी। जनपद पंचायत कार्यालय सूरजपुर से प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी एवं प्रतापपुर जनपद कार्यालय से प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुन्तला सिंह पोर्ते ने हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से दोपहर 12 बजे ट्रेन से श्रद्धालुओं को आगे का सफर तय करना था, इसलिए सभी की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तीर्थ यात्रियों के बस को यहां से सुबह रवाना किया गया।





पुलिस द्वारा जब्त गांजा।

# घेराबंदी कर पुलिस ने कार से बरामद किया 50 किलो गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- तस्कर वाहन छोड़कर हुआ फरार



नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में सरगुजा पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने कार से 50 किलोग्राम गांजा बरामद किया है जिसकी कीमत 10 लाख रुपए आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान चालक पुलिस को देखते ही कार को छोड़कर फरार हो गया। फिलहाल पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही है।

बताया जा रहा है कि 18 जून को पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि अर्टिगा कार क्रमांक सीजी 10 बीक्यू 7587 से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी की जा रही है और तस्कर गांजा लेकर रायगढ़ से अंबिकापुर की ओर आ रहा है। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस द्वारा रायगढ़ रोड में लुचकी घाट के समीप घेराबंदी की गई लेकिन पुलिस की घेराबंदी को देखते ही संदिग्ध कार का चालक वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर झाड़ियों के सहारे भागने लगा। पुलिस द्वारा संदिग्ध कार चालक का पीछा किया गया लेकिन वह झाड़ियों में छिपकर भागने में सफल रहा। इस दौरान जब पुलिस ने कार की तलाशी ली तो वाहन से 50 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने गांजा को जब्त कर लिया है। जब्त गांजा की कीमत 10 लाख रुपए बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में धारा 20 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर तस्कर की तलाश की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, बस स्टैंड प्रभारी सउनि अभिषेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक देवनारायण सिंह, आरक्षक दीनदयाल सिंह, शिव राजवाड़े शामिल रहे।

### खबर संक्षेप

### 15 अगस्त तक क्लोज सीजन अवधि में मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**अम्बिकापुर।** मछली पालन विभाग के उपसंचालक ने बताया कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि प्रजनन को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3 उपधारा-2 (दो) के तहत दिनांक 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। अतः राज्य के समस्त नदियों, नालियों,छोटी नदियों, सहायक नदियों जिन पर सिंचाई के बडे या छोटे तालाब जलाशय जो निर्मित किये गये है, में किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार के मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के नियम-3 (5) के अतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है। यह नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नालों से नहीं है में लागू नहीं होंगे ।



### रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को किया गया अयोध्या रवाना

**रामानुजनगर।** विकासखंड रामानुजनगर से अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने के बाद देशवासियों में अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने का उत्साह चरम पर है। हर कोई अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करना चाहता है। देश भर से प्रतिदिन लगभग तीन लाख भक्त श्रीराम के दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंच रहे है। आज अंबिकापुर से अयोध्या जा रही ट्रेन में 17 यात्री रामानुजनगर विकासखंड से जा रहे हैं। जिसमे जनपद उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने अयोध्या जा रहे सभी श्रद्धालुओं को माला पहनाकर, बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



### विधायक ने रामलला दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं को तिलक लगाकर किया रवाना

**प्रतापपुर।** विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते द्वारा राम लला के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं को को हरी झंडी और तिलक लगाकर जनपद पंचायत कार्यालय के सामने से रवाना किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संजू श्रीवास्तव ,भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता, अरविंद जायसवाल, अंबिका जायसवाल, प्रफुल्ल गुप्ता, मुकेश तायल, राजेश कश्यप, पप्पल जायसवाल, विक्रम सिंह, आशीष गोयल, नायडू, नवीन नाविक, विक्रम नामदेव, अंकुर जायसवाल, जनपद पंचायत सीईओ राधेश्याम मीर्झा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर स्कूल भवन से टकराया, नाबालिग चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरिमा

ईंट परिवहन कर रहा तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे खाई में उतर गया। ट्रैक्टर के गिरने के कारण चालक की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खर्राडांड निवासी ग्राम छिंदकालो ईंट लने आ रहा था मोतीपुर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर रोड से नीचे उतर गया। ट्रैक्टर से गिरने के कारण ड्राइवर की मौत हो गई। बुधवार की सुबह 9 बजे खैरागढ़ से शुभदेव पिता शिवलाल (15वर्ष), अनुज (16वर्ष) आयुष एवं एक अन्य किशोर के साथ जयलाल अगरिया (16वर्ष) ट्रैक्टर से ईंट लेने छिंदकालो जा रहा था। मोतीपुर के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर रोड से नीचे उतर गया तथा स्कूल भवन से टकरा गया। चालक शुभदेव की नीचे गिरने से घटना स्थल पर ही मौत हो गयी तथा साथियों को भी चोटें आई है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना परिजन एवं पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर में काम करने वाले मजदूर एवं चालक नाबालिग थे। चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था। क्षेत्र के अधिकांश ट्रैक्टर मालिक नियम विरूद्ध किशोरों से मजदूरी करा रहे हैं वहीं बिना लाइसेंस किशोर ट्रैक्टर चला रहे हैं। पुलिस ने पीएम उपरांत शव परिजन को सौंप दिया है।

TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Ambikapur To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport / Banaras / Bhilai | 4999 | 7999 | 2999 |
| Bilaspur / Korba / Anuppur | 2999 | 4999 | 1999 |
| Jabalpur / Rewa Prayagraj / Satna | 7999 | 11999 | 4999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

# खड़े ट्रक से टकराई बाइक पति की मौत,पत्नी घायल

**अम्बिकापुर।** पुराने घर से लौट रहे बाइक सवार दंपति जोगी बांध मुख्य मार्ग पर खड़े ट्रक के पीछे जा टकराए। दुर्घटना में गंभीर हुए पति की मौत हो गई जबकि पत्नी का उपचार जारी है। अजब नगर रांगपारा निवासी रविंद्र राम (56 वर्ष) गत दिन पत्नी फूल सुंदरी के साथ बाइक से कोलजा नवापारा अपने पुराने घर में गए थे।

देर शाम दोनों बाइक से वापस अजब नगर आने के लिए निकले और जैसे ही जोगी बांध मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी सड़क किनारे गलत तरीके से खड़े ट्रक के पीछे टकरा गए। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी पति की मौत हो गई जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर मणिपुर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### गिरने से गंभीर हुए महिला की उपचार के दौरान मौत

चांदनी बिहारपुर अंतर्गत ग्राम पासल निवासी संत कुंवर पति विजेन्द्र सारथी (32 वर्ष) 14 जून की शाम घर के समीप हैंडपंप से पानी लेकर घर पहुंची। महिला जैसे ही घर के अंदर जाने लगी तभी पैर चौखट से टकरा जाने से वह सीधे पेट के बल गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को बैढ़न अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.). NSDC-SID केन्द्र क्रमांक - TC210200

निम्न तालिका अनुसार छ. ग. के विभिन्न जिलों में कक्षा 12वी (बायोलॉजी) के प्राप्तांको के अनुसार संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम (2024-25) में प्रवेश, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट, भारत सरकार का उपक्रम) हेतु आवेदन आमंत्रित।

(उपलब्ध एवं प्रस्तावित प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर एवं कुल सीटें)

| प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर का नाम | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (EMT) | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (MPHW) |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बिलासपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| मुंगेली | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जांजगीर-चांपा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कोरबा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| रायगढ़ | 60 | 60 | 30 | 30 |
| अम्बिकापुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जशपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कबीरधाम /कवर्धा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| महासमुंद | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बेमेतरा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| राजनांदगांव | 60 | 60 | 30 | 30 |

आवेदन हेतु 12वीं कक्षा (बायोलॉजी) में न्यूनतम प्रतिशत अनु. जाति हेतु 45%, अनु. जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

नोट :-

1. आवेदक, निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप करवाकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट भरें। साथ ही 25 रुपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विद्यार्थी सत्र 2024 में 12वीं उत्तीर्ण किए हैं वह विद्यार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकते है।
3. चयनित उम्मीदवारों को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिंग हेतु पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि: 20/07/2024 तक

कार्यालय का पता :- NSDC पैरामेडिकल संस्थान, महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013

प्रति,
संचालक
NSDC पैरामेडिकल संस्थान
महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013

पासपोर्ट साइज फोटो

महोदय,
..............................(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूं।
1. आवेदक का नाम..............................
2. पिता/पति का नाम..............................
3. जन्म तिथि अंकों में..............................
4. अनु. जाति/ अनु. जनजाति / पिछड़ा वर्ग ..............................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित..............................
1. मो.................. 2. मो.................. व्हाट्सएप नंबर..................
6. शैक्षणिक योग्यता..............................

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

कार्यालय संचालक, NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत सामान्य सभा की बैठक आज

**प्रतापपुर।** जनपद पंचायत सीईओ राधेश्याम मीर्झा ने बताया कि 20 जून की दोपहर 1 बजे जनपद पंचायत सभा कक्ष में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें मुख्य रूप से विभागीय गतिविधियों की समीक्षा, जनपद स्तर का जलाशय लीज, जनपद भूमि पर किराया निर्धारण एवं अन्य विषय पर जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों सहित सरपंच सचिव, सहित सभी प्रकार के शिकायतों पर कार्रवाई एवं चर्चा की जाएगी। साथ ही विकास कार्यों की समीक्षा, गुणवत्ता एवं ग्रामीणों को मिलने वाले लाभ के विषय में विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### स्वच्छता अभियान चलाकर की गई स्कूलों की साफ सफाई



**प्रतापपुर।** जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान को लेकर शुरू की गई अभिनव पहल के तहत आज विकासखंड के सभी स्कूलों में जनप्रतिनिधियों, शिक्षक व शिक्षिकाओं ने शाला स्वच्छता अभियान चलाया। स्थानीय शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी मरावी, प्रतापपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन मराबी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश अग्रवाल, प्रफुल्ल गुप्ता, अंबिका जायसवाल, विक्रम प्रताप सिंह, बीईओ मुन्नू सिंह धुर्वे, नगर पंचायत सीएमओ यूफ्रिसिया एक्का, आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य केबी यादव, कस्तूरबा विद्यालय की अधीक्षिका देवमन सिंह, बिहारी सिंह व स्वच्छता अभियान के तहत प्राथमिक शाला डूमर खोली प्रधान पाठक संजय कुमार चतुर्वेदी वह आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका व अन्य कर्मचारियों ने सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी मरावी ने कहा कि आज के समय में हमें साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। साफ सफाई करते रहने से वातावरण स्वच्छ रहता है जिससे जीवन शैली में परिवर्तन आता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा स्कूल जैसी जगहों पर स्वच्छता को लेकर चलाया जा रहा अभियान निश्चित तौर पर सराहनीय कार्य है।

### मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने की उप मुख्यमंत्री शर्मा से मुलाकात



**डांड़गांव।** छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रांत अध्यक्ष अजय क्षेत्रीय एवं प्रांतीय महासचिव सुनील मिश्रा के नेतृत्व में प्रांतीय दल ने उप मुख्यमंत्री व पंचायत मंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की और मध्य प्रदेश व अन्य राज्यों की तर्ज पर प्रदेश के मनरेगा कर्मचारियों के लिए एक बेहतर मानव संसाधन नीति तैयार करने मांग रखी। नौकरी के 18 वर्ष बाद भी सेवा सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहे कर्मचारियों की मांगों को उपमुख्यमंत्री ने संवेदनशील मुद्दा मानते हुए त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## असामाजिक तत्वों ने गेट एवं घेरावा को किया क्षतिग्रस्त

# ग्राम पंचायत झिलमिली के बेलटेकरीपारा स्थित मुक्तिधाम की हालत दयनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

ग्राम पंचायत झिलमिली के बेलटेकरीपारा स्थित मुक्तिधाम की हालत दयनीय हो गई है। ग्राम पंचायत के लोगों को अंतिम संस्कार कार्यक्रम में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसे ध्यान में रखकर कुछ माह पूर्व ही मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण कराया गया था। हैरानी की बात तो यह है कि मुक्तिधाम का 6 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण कराए अभी कुछ माह हुआ था। इसी बीच देख-रेख के अभाव में असामाजिक तत्वों ने गेट सहित किए गए घेराव को क्षतिग्रस्त कर दिया। आलम यह है कि मुक्तिधाम के सुरक्षा के लिए लगाए गए गेट व घेराव के क्षतिग्रस्त हो जाने से अब मुक्तिधाम मवेशियों के चारागाह बन गया है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने मुक्तिधाम सुरक्षा के लिए घेराव सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

**खास बात**

- कुछ माह पूर्व 6 लाख की लागत से कराया गया था सौंदर्यीकरण

ग्राम पंचायत झिलमिली में किसी के निधन हो जाने पर अंतिम संस्कार के लिए ग्राम पंचायत के बेलटेकरीपारा में मुक्तिधाम के लिए भूमि आरक्षित की गई। पूर्व में मुक्तिधाम में किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं होने पर लोग खुले में ही शव का अंतिम संस्कार करते है जिससे लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। क्षेत्र के लोगों की मांग पर कुछ माह पूर्व ही मुक्तिधाम को सुरक्षित करने के लिए लगभग 6 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण किया गया। साथ ही शव के दाह संस्कार तथा लोगों के बैठने के लिए पक्का शेड निर्माण किया गया। मुक्तिधाम की सुरक्षा के लिए कटीले तार से घेराव व मुख्य द्वार पर गेट का निर्माण किया गया। सौंदर्यीकरण होने से क्षेत्र के लोगों को खुले में शव का अंतिम संस्कार करने से छुटकारा मिला। मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण हुए अभी कुछ माह ही हुए थे कि असामाजिक तत्वों ने गेट सहित घेराव को क्षतिग्रस्त कर दिया। हैरानी की बात यह है कि ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता रवैया और देखरेख के अभाव में मुक्तिधाम की स्थिति दयनीय हो गई है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने मुक्तिधाम सुरक्षा के लिए घेराव सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।



मुक्तधाम का क्षतिग्रस्त गेट व घेराव।

### अंतिम संस्कार के दौरान होती है परेशानी

क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण होने से अंतिम संस्कार के लिए एक अच्छी सुविधा उपलब्ध हो गई थी। लेकिन गेट व घेराव के क्षतिग्रस्त हो जाने से अब पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो गई है। चारों ओर से मुक्तिधाम के खुला होने से अब मवेशियों का चारागाह बन गया है। इसके अलावा साफ-सफाई नहीं होने से अंतिम संस्कार के दौरान लोगों को कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

#### नहीं है लकड़ी व पानी की व्यवस्था

ग्राम पंचायत झिलमिली के बेलटेकरीपारा स्थित मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण तो करा दिया गया परंतु मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी की सुविधा नहीं है। इसके अलावा अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले लोगों के लिए पानी की व्यवस्था है। ऐसे में आज भी ग्रामीण किसी के निधन होने पर शव के साथ लकड़ी ले जाने को मजबूर है। इसके अलावा दाह संस्कार के बाद लोग आसपास स्थित तालाब, हैंडपंप से स्नान करना पड़ता है। ग्रामीणों ने मुक्तिधाम में लकड़ी व पानी की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

#### नहीं बनी पुलिया

मुक्तिधाम पहुंच मार्ग पर लगभग 10.756 लाख की लागत से मनरेगा के तहत पुलिया निर्माण होना है। हैरानी की बात तो यह है कि पुलिया निर्माण के संबंध में सूचना पलट लगाया गया है लेकिन आज तक निर्माण शुरू नहीं हो सकी। ग्रामीणों का कहना है कि मुक्तिधाम पहुंच मार्ग कच्ची सड़क है और रास्ते नाला होने के कारण आने जाने में काफी दिक्कत होती है। ठंड व गर्मी के मौसम में किसी तरह शव लेकर चले जाते है। लेकिन बारिश के दिनों में कीचड़ होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

#### कराई जाएगी जांच

मुक्तिधाम के गेट व घेराव क्षतिग्रस्त हो गया है तो इसकी जांच कराई जाएगी। पुलिया निर्माण जल्द शुरू कराई जाएगी जिससे लोगों को परेशानी न हो।

-विनय गुप्ता, जनपद सीईओ भैयाथान



## केतका एवं राजापुर में शिविर लगाकर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

ग्राम पंचायत केतका एवं ग्राम पंचायत राजापुर में कानूनी जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया। शिविर में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद प्रकाश वारियाल ने कहा न्याय सब के लिए बराबर है और न्याय पाने का सभी को समान अधिकार है। न्याय की लडाई में अपने आप को कभी कमजोर न समझे, आप के पास पैसा नही है तब भी आप न्याय की लडाई लड़ सकते हैं।

प्रत्येक जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का कार्य कर रही हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति, महिला, बच्चा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति, जेल में निरूद्ध व्यक्ति, आपदा पीडित व्यक्ति एवं सामान्य वर्ग का वह व्यक्ति जिसकी आय डेढ़ लाख तक की है ऐसे सभी के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण तहसील स्तरीय से उच्च न्यायालय तक विधिक सेवा समितियां निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने का कार्य कर रही हैं। उन्होने आगे टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम, सायबर अपराध, पाक्सो एक्ट, मोटर व्हीकल एक्ट एवं आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत व लोक अदालत आयोजन पर विस्तार से जानकारी दी। शिविर में उपस्थित लोगों ने न्यायाधीश श्री वारियाल से कई सवाल पूछे और अपने जवाब प्राप्त किए। न्यायाधीश आनंद प्रकाश वारियाल जब ग्राम पंचायत केतका के जागरूकता शिविर से ग्राम राजापुर के लिए निकले तभी जंगल के रास्ते में एक महिला बेहोश पड़ी मिली जिसके साथ उसका पति असहाय उसे जगाने का प्रयास कर रहा था। उन्होंने देख तुरंत गाड़ी रुकवाई और पानी लेकर गाडी से उतर गए चेहरे पर पानी डालने से जब होश नहीं आया तो अपनी ही कार से महिला और उसके पति को उसके घर साल्ही खोरखोरी पारा पहुंचाया। जब तबीयत में सुधार नहीं दिखा तो उनके परिवार के और सदस्यों को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परशुरामपुर लेकर गए जहां खुद उपस्थित होकर ईलाज कराया। उपस्थित चिकित्सक डॉ. वृदा साहू द्वारा इलाज किया गया। जिसमें महिला की हालत में सुधार हुई और असहाय पति पत्नी एवं परिजन को अपनी गाड़ी से घर तक छुडवाकर मानवता की मिसाल दी।

## अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल लाइन विस्तार की मांग लेकर सांसद से मिले समिति के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



रेल संघर्ष समिति के सदस्यों ने रेणुकूट रेल लाइन विस्तार की मांग लेकर नवनिर्वाचित सांसद चिंतामणि महाराज से मिलकर अभियान को निर्णायक परिणति तक पहुंचाने का आग्रह किया। समिति के सदस्यों व प्रबुद्ध नागरिकों ने सांसद निवास जाकर अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल विस्तार की मांग को जल्द पूरा कराने की मांग की।

सदस्यों ने जन भावना के अनुरूप इस रेल लाइन के निर्माण के लिए पदयात्रा, हस्ताक्षर अभियान, समर्थन पत्र से लेकर पंचायतों के प्रस्ताव तक के प्रयासों की जानकारी दी। अम्बिकापुर रेणुकूट रेल लाइन का डीपीआर अक्टूबर 2023 में रेलवे बोर्ड को जमा कर दिया गया है। पूर्व मध्य रेलवे द्वारा विंढमगंज अम्बिकापुर रेल लाइन का रिवाइज्ड एफएलएस भी माह के अंत तक रेलवे बोर्ड में जमा होने की संभावना है। इसके बाद अम्बिकापुर रेल लाइन का विंढमगंज से रेणुकूट के बीच निर्धारित स्थान पर जोड़े जाने के संबंध में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सदस्यों ने बताया कि प्रस्तावित मार्ग अन्य वैकल्पिक मार्गों की तुलना में लघुतर, कम लागत वाला और अपेक्षाकृत अधिक उपयोगी है। अम्बिकापुर-रेणुकूट प्रस्तावित रेल मार्ग के समीप जगन्नाथपुर ओसीपी 3.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष की कोल खदान संचालित है। जिसमें आगामी 20 वर्ष तक उत्पादन हो सकता है। मदन नगर में 15 मिलियन टन प्रतिवर्ष उत्पादन देने वाली माइंस चालू होने वाली है। इसके अतिरिक्त भवानी प्रोजेक्ट कल्याणपुर, बरतीकलां वाड्रफनगर, बगड़ा, कोटेया जैसे कई कोल प्रोजेक्ट इस रेल मार्ग के नजदीक है। सरगुजा अंचल कोयला उत्पादन के लिए जाना जाता है साथ ही पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश एवं मध्यप्रदेश का सिंगरौली भी कोयला उत्पादक क्षेत्र है। आपस में जुड़ जाने पर यह कोयला परिवहन के लिए स्वर्णिम अवसर उपलब्ध कराएगा जो आर्थिक दृष्टि से अत्याधिक लाभप्रद एवं व्यवहारिक है।

अम्बिकापुर रेणुकूट रेल मार्ग का रेट ऑफ रिटर्न भी प्रस्तावित सभी मार्गों में अत्याधिक रहेगा। सांसद चिंतामणि महाराज ने जन भावना को ध्यान में रखते हुए अम्बिकापुर रेणुकूट रेल विस्तार के अभियान में गंभीरता के साथ इसे मूर्त रूप देने के लिए हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा नेता आलोक दुबे, कैलाश मिश्रा, चंद्रशेखर तिवारी, मुकेश तिवारी, अधिवक्ता रमेश द्ववेदी, कांत दुबे, भूपेन्द्र सिंह, मंगल पाण्डेय, रिंकू वर्मा, अजय तिवारी, रमेश जायसवाल, जितेन्द्र सिंह, पीयूष त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

### बच्चों से कराया योग प्राणायाम का अभ्यास

**अम्बिकापुर।** पतंजलि योगपीठ द्वारा विश्व योग दिवस पखवाड़ा अंतर्गत रविवार को संध्या 5 बजे से 6.30 बजे तक महामाया पहाड़ बधियाचूंईया में स्थित शांति निकेतन में अध्ययनरत बालक-बालिकाओं को योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास काया गया। इस दौरान योग शिक्षकों ने बच्चों से कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, उद्गीत, प्रणव प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार, हास्यासन का अभ्यास कराया एवं आहार चिकित्सा के संबंध में जानकारी दी। यह योग शिविर सुबह-सायं 21 तक संचालित होगा। इस दौरान संस्था के संचालक रविन्द्र स्वर्णकार, योग शिक्षक कमलेश सोनी, आदित्य गुप्ता, शम्भू मजूमदार आदि उपस्थित थे।

## स्वीकृति के महीनों बाद भी शिफ़्ट नहीं हो सका ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- नाराज ग्रामीणों ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन देकर कार्रवाई किए जाने की रखी मांग

अतिरिक्त विद्युत ट्रांसफार्मर की स्वीकृति मिलने के तीन महीने बाद भी विभाग द्वारा विद्युत ट्रांसफार्मर को शिफ़्ट ना करा पाने से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन देकर कार्यवाही कराने की मांग की है। गौरतलब है कि सुरजपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत जयनगर के चट्टीडांड में आमजन को बिजली की लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाए जाने हेतु पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े की पहल पर अतिरिक्त विद्युत ट्रांसफार्मर लगवाए जाने की स्वीकृति दिलाई गई थी। विद्युत विभाग द्वारा स्वीकृति आदेश जारी होने उपरांत टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करके वर्क ऑर्डर भी मार्च 2024 में जारी कर दिया गया है, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी विभागीय अधिकारियों की उदासीनता व सतत मॉनिटरिंग के अभाव में ठेकेदार द्वारा अतिरिक्त विद्युत ट्रांसफार्मर को शिफ़्ट नहीं कराया जा सका है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में जब भी विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया जाता है तो अधिकारियों द्वारा केवल दो-चार दिनों में ही कार्य को पूर्ण करा लिए जाने की बात कहकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया जाता है, महीनों बाद भी गांव में अतिरिक्त विद्युत ट्रांसफार्मर शिफ़्ट नहीं किए जाने से आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सूरजपुर कलेक्टर से उक्त स्वीकृत अतिरिक्त विद्युत ट्रांसफार्मर को शीघ्र ही शिफ़्ट कराए जाने व लापरवाह अधिकारीयों के खिलाफ उचित कार्यवाही किए जाने की मांग रखी है।






















### घर में रखी पेटी से रुपए चुराए, आरोपी युवक गिरफ़्तार

**बिश्रामपुर।** मां द्वारा घर की पेटी में रुपए जोड़कर रखे गए थे। उक्त पेटी का ताला तोड़कर नशेड़ी बेटे द्वारा सात हजार रुपए नगद चोरी कर लिए गए। प्रार्थी मां विमला देवी निवासी शांतिनगर की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपी पुत्र प्रकाश मंडल उर्फ गोरखा के खिलाफ धारा 379 का अपराध दर्ज किया तथा उसे गिरफ्तार करते हुए बुधवार को सूरजपुर न्यायालय पेश किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रकाश मंडल नशेड़ी प्रवृत्ति का युवक है पिछले दिनों उसने अपनी मां के पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखा सात हजार रुपये निकाल लिया। रिपोर्ट पर उसके निशानदेही पर उसने चोरी के पैसे से खरीदे सेट टॉप बॉक्स को जब्त किया है बाकी रकम को उसने खर्च कर देना बताया है।

## खबर संक्षेप

### एपेक्स जेसीसी की बैठक 27 जून को होगी मुख्यालय में

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया की अपेक्स जेसीसी की बैठक आगामी 27 जून को सीआईएल मुख्यालय में होगी। सीआईएल प्रबंधन द्वारा उक्त बैठक के लिए एजेंडा भी तय कर दिया गया है जिसमे कोयला उत्पादन,उत्पादकता,प्रेषण,प्राप्ति और गुणवत्ता में सुधार को लेकर चर्चा की जाएगी साथ ही संसाधनों के उपयोग,खदानों की क्षमता, उपकरण,मानव संसाधन तथा लागत अर्थव्यवस्था एवं लाभ पर भी चर्चा होगी ,इसके अतिरिक्त अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी बैठक में चर्चा होनी है।एपेक्स जेसीसी की बैठक की अध्यक्षता कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद करेंगे।बैठक में कार्मिक व औद्योगिक सम्बन्ध निदेशक सहित कोल इंडिया के सहयोगी कम्पनियों के सीएमडी ,यूनियन प्रतिनिधियों में बीएमएस से कोयला उद्योग प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी,एचएमएस से नाथूलाल पांडेय सहित अन्य श्रम प्रतिनिधि बैठक में शामिल होंगे।बैठक की सूचना संबंधितों को सीआईएल प्रबंधन ने भेज दी है।

### सहायक उपनिरीक्षक विराट बनाए गए लटोरी चौकी प्रभारी

**बिश्रामपुर।** लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने पश्चात कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए जाने के उद्देश्य से सूरजपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे द्वारा चालीस पुलिस कर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है। जारी आदेश में लटोरी चौकी प्रभारी अरविंद सिंह को बिश्रामपुर थाना स्थानांतरित किया गया जबकि रक्षित केंद्र में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक विराट बिशि को लटोरी चौकी प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा आरक्षक दीपक दुबे को कुदरगढ़ चौकी से बिश्रामपुर थाना, आशिफ अख्तर को रक्षित केंद्र से बिश्रामपुर थाना, दिनेश पावले को ओड़गी से बिश्रामपुर थाना में पदस्थ किया गया है।

### शिविर में राजस्व प्रकरणों का किया गया निराकरण



**रामानुजनगर।** ग्राम साल्ही पंचायत भवन में शिविर लगाकर तहसील एवं अनुविभागीय कार्यालय रामानुजनगर में लंबित राजस्व प्रकरणों का निपटारा किया गया। विश्रामपुर क्षेत्र के आमगांव खुली खदान परियोजना हेतु ग्राम पटना, साल्ही के भूमि का अधिग्रहण किया गया है। राजस्व अभिलेखों में विसंगतियां रकबा में अंतर, नाम में अंतर एवं राजस्व अभिलेखों में कई त्रुटि के कारण कई भूमि स्वामियों को मुआवजा एवं रोजगार पाने में परेशानी हो रहा था। राजस्व अभिलेखों में त्रुटि को दुरुस्त करने के लिए भूमि स्वामियों को काफी दिनों से संबंधित विभाग के दफ्तरों का चक्कर लगाना पड़ रहा था। आज शिविर में एसईसीएल के लंबित 26 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिससे कई भूमि स्वामियों ने राहत की सांस ली। साथ ही जाति, निवास, आय, फौती नामांतरण के प्रकरण लिया गया। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मराबी ने शिविर स्थल पहुंच कर कार्रवाई का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक मरावी द्वारा खासकर एसईसीएल विभाग के अधिकारियों नियत तिथि में भूमि स्वामियों को जल्द से जल्द रोजगार एवं मुआवजा लाभ देने के लिए सक्रियता लाने का हिदायत दिया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी अजय मोड़ियम, तहसीलदार सूर्यकांत साय, एसईसीएल विभाग सर्वे अधिकारी अजीत कुमार, सरपंच विमला सिंह, सरपंच राजेन्द्र सिंह, संत कुमार साहू सहित संबंधित हल्का पटवारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।


### चंगाई सभा पर रोक लगाने धर्म जागरण समन्य ने सौंपा ज्ञापन



**अम्बिकापुर।** ग्राम पंचायत अजबनगर स्थित मधुर नगर कलीसिया में आयोजित चंगाई सभा को अंधविश्वास एवं कथित चमत्कार के माध्यम से धर्मांतरण कराने की संभावना पर धर्म जागरण समन्वय के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। सदस्यो ने बताया कि मधुरनगर कलीसिया में बुधवार को सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक चंगाई सभा का आयोजन किया जा रहा है। सभा के माध्यम से भोले-भाले लोगों को कथित चमत्कार के माध्यम से भ्रमित कर धर्मांतरण कराने का संदेह है। सदस्यों ने चंगाई सभा पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। इस दौरान मनोज सिंह, समीर मंडल, रामसेवक साहू, रोशन तिवारी, उज्जवल तिवारी, अजय पाठक, श्रीमती रेखा गुप्ता आदि उपस्थित थीं।

## निधन

### जसविंदर कौर बग्गा



**बिश्रामपुर।** सतपता-बिश्रामपुर निवासी जसविंदर कौर बग्गा पत्नी स्वर्गीय कुलजीत सिंह बग्गा का 55 वर्ष की आयु में बुधवार को निधन हो गया, वे लम्बे अरसे से कैंसर की बीमारी से जूझ रही थीं, जबलपुर के एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था, मध्य प्रदेश के पिपरिया स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार बुधवार को किया गया।

## जल जीवन मिशन योजना का बुरा हाल

# टंकी बनी लेकिन पानी सप्लाई नहीं, आधे-अधूरे निर्माण से ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

**खास बात**

- ढलान में बना दी गई टंकी

जल जीवन मिशन योजना के तहत लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की योजना जिले में दम तोड़ती नजर आ रही है। करोड़ो रुपए खर्च करने के बाद भी लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। विकासखंड के ग्राम पंचायत अधौरा, जाबर, जमुआटांड सहित दर्जनों गांव में विभागीय अधिकारीयों, ठेकेदार की मनमानी का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

विकासखंड के ग्राम पंचायत अधौरा में एक वर्ष पूर्व टंकी का निर्माण पूर्ण होने के बाद भी लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। बताया जा रहा है कि टंकी निर्माण के बाद कुछ दिनों तक पानी की सप्लाई की गई लेकिन बाद में पानी आना बंद हो गया। पानी सप्लाई के लिए एक व्यक्ति को काम पर लगाया गया था लेकिन पंचायत की तरफ से उसे मानदेय नहीं मिला। ऐसे में कर्मचारी टंकी व मोटर का उपयोग कृषि कार्य करने वाले लोगों को पानी सप्लाई के लिए किया जा रहा था लेकिन जब कृषि कार्य करने वालों ने भी रुपए देना बंद कर दिया तो उक्त व्यक्ति काम छोड़कर चला गया और क्षेत्र में नल जल योजना फेल हो गई।



अनुपयोगी पानी टंकी।

**दिसंबर तक पूर्ण होना है काम**

जल जीवन मिशन के तहत वर्क ऑर्डर अलग अलग तिथियों को जारी किए गए है। दिसंबर 2024 तक सभी कार्य पूर्ण कर पंचायत के हैंडओवर करना है। शुरुआत के तीन महीने ठेकेदार के अधीन पानी की सप्लाई और मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा और बाद में पंचायत को सौंप दिया जाएगा। जिन स्थानों पर घटिया निर्माण हुए है उसकी जांच कराई जाएगी लेकिन ज्यादातर मामलों में ग्रामीणों के कारण पानी सप्लाई के पाइप खराब हो रहे है और ट्रायल में फेल हो रहे है। इस लिए जल जीवन मिशन का कार्य जल्द पूर्ण हो पा रहा है। प्रयास रहेगा कि सभी स्थानों पर योजना जल्द से जल्द शुरू हो जाए।

-आदित्य प्रताप सिंह, ईई पीएचई

ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत के बाद भी उन्हें पानी नहीं मिल रहा है। इधर इस मामले में सचिव चण्डिकेश्वर सिंह ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के तहत कई स्थानों पर कार्य अधूरा है और अब तक कार्य पूर्ण कर पंचायत के हैंडओवर नहीं किया गया है इसलिए इसलिए योजना चालू नहीं हो पाई है। ग्राम पंचायत जाबर में ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत की लापरवाही से पानी टंकी को सही स्थान पर स्थापित नहीं किया गया इस लिए सिर्फ निचले क्षेत्रों ही पानी पहुंच पाता है और 90 प्रतिशत क्षेत्र अभी भी प्रभावित है। विभाग व ठेकेदार द्वारा दिखावे के लिए नल कनेक्शन कर दिया गया और ढलान में टंकी स्थापित की गई। इस संबंध में पंचायत के सचिव रोशन गुप्ता का कहना है स्थल चयन विभाग द्वारा किया गया और पंचायत से कोई चर्चा नहीं की गई। पानी क्यों कैसे नहीं पहुंच रहा है इसकी जानकारी मुझे नहीं है। वहीं ग्राम पंचायत जमुआटांड में इसी तरह की लापरवाही की गई है। गांव में एक वर्ष से टंकी बनकर तैयार है और पाइप बिछाने का काम भी हो गया है लेकिन पानी सप्लाई नहीं की जा रही है। इस संबंध में पंचायत के सचिव खेमचंद एक्का का कहना है निर्माण कार्य के लिए विभाग जिम्मेदार है। फिलहाल हमें पानी टंकी हैंडओवर नहीं की गई है। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य ग्राम पंचायतों में भी जल जीवन मिशन का हाल बुरा है। करोड़ो रुपए खर्च करने के बाद भी योजना धरातल पर सिर्फ कागजों में सिमटकर रह गई है। हैरानी की बात तो यह है कि इस वर्ष तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लेना था लेकिन अभी भी कई पंचायतों में काम अधूरा है और जहां काम पूर्ण भी हो गया है तो लोगों को पानी नहीं मिल रहा। ऐसे में लोग एक किमी का सफर कर पानी लाने को मजबूर है।

# गोविंदपुर उप स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था चरमराई चार महीनों में स्वास्थ्य केन्द्र में लटका है ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- क्षेत्र के ग्रामीणों को नहीं मिल रहा स्वास्थ्य सुविधा का लाभ
- उपचार व विभिन्न जांच से वंचित है क्षेत्र के ग्रामीण

विकासखंड के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र गोविंदपुर स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र बंद रहने से क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। हैरानी की बात यह है कि उप स्वास्थ्य केंद्र में पिछले चार मार से ताला लटक रहा है जिसका खामियाजा गर्भवती माताओं से लेकर बीमार बच्चे व बड़ो को भुगतना पड़ रहा है।

आलम यह है कि उप स्वास्थ्य केन्द्र के बंद होने से लोग झोलाछाप डॉक्टर से उपचार कराने को मजबूर है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने उप स्वास्थ्य केन्द्र नियमित खोले जाने की मांग की है जिससे क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके। प्रतापपुर के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र गोविंदपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में लगातार चार महीनों से ताला लगा है। उप स्वास्थ्य केन्द्र के बंद रहने तथा कोई स्टाफ द्वारा नहीं खोलने से स्थानीय गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम में बदलाव होने से मौसमी बीमारियों से पीड़ित लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि उप स्वास्थ्य केंद्र खुला रहता तो दवा मिल जाती जिससे पीड़ितों का राहत होती और बुजुर्गों महिलाओं का बीपी शुगर की जांच होती। लगातार उप स्वास्थ्य केंद्र लगातार बंद रहने से लोग स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हो रहे है।



उप स्वास्थ्य केन्द के सामने मौजूद ग्रामीण।

**आंदोलन की तैयारी में ग्रामीण**

ग्रामीणों ने बताया कि गोविंदपुर उप स्वास्थ्य केन्द्र के पिछले चार माह से ताला लटक रहा है। गोविंदपुर सहित आसपास गांव के लोग जांच व उपचार कराने उप स्वास्थ्य केंद्र आते तो स्वास्थ्य केंद्र में ताला लटका देख उन्हें मजबूरन 40 किमी दूर प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जाना पड़ता है जिससे बीमार मरीज के साथ परिजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि जब उप स्वास्थ्य केन्द्र को बंद ही रखना तो बनाया ही क्यों। ग्रामीणों ने मांग की है कि उपस्वास्थ्य केन्द्र को नियमित खोला जाए और जानकार स्टाफ हो। साथ ही जो सुविधा अन्य उप स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध है वैसी सेवा उपलब्ध होनी चाहिए। ग्रामीणों ने मांग पूरी नहीं होने पर आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

**की जाएगी कार्रवाई**

उप स्वास्थ्य केन्द्र पिछले चार माह से बंद है तो मामला गंभीर है। लापरवाही करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। मामले की जांच कराई जाएगी और दोषियों के विरूद्ध सस्पेंशन की कार्रवाई की जाएगी। प्रतापपुर क्षेत्र के स्वास्थ्य सुविधा खराब होने की शिकायत मिली है। जिले से जांच दल तत्काल भेजी जाएगी।

-डॉ. आरएस सिंह, सीएमएचओ सूरजपुर

# आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग, तिब्बती शरणार्थियों ने किया प्रदर्शन




**मैनपाट।** पुराने जमीन विवाद को लेकर सोमवार को जमकर लाठियां चली। विवाद में संतोष यादव ने तिब्बती फुरफू दोरजी की लाठी से जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस आरोपी को तलाश रही है। इधर घटना के दो दिन बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर तिब्बती समुदाय के लोगों ने थाना के सामने धरना प्रदर्शन किया तथा आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की।

मैनपाट के तिब्बती शरणार्थियों एवं स्थानीय लोगों के बीच भूमि को लेकर लम्बे समय से विवाद चल रहा है। तिब्बती भूमि को पुनर्वास योजना के तहत शासन द्वारा आवंटित करने वहीं यादव समाज के लोग इसे अपने स्वामित्व की सेटलमेंट की जमीन बताते हैं। सोमवार को जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इस दौरान संतोष यादव ने लाठी से तिब्बती फुरफू दोरजी पर हमला कर दिया। हमले में फुरफू दोरजी गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस आरोपी के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन कर रही है। बुधवार को तिब्बती शरणार्थियों ने थाना पहुंच धरना प्रदर्शन कर आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। इस संबंध में थाना प्रभारी अशोक शर्मा ने बताया कि आरोपी घटना के बाद से फरार है तथा उसका मोबाइल स्वीच ऑफ है। आरोपी की तलाश जारी है।

# अजबनगर स्वास्थ्य केंद्र में ड्रेसर पदस्थ करने की मांग, ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अजबनगर में ड्रेसर पदस्थ करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सूरजपुर कलेक्टर से मुलाकात करते हुए ज्ञापन सौंपा है।

कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में ग्रामीणों द्वारा उल्लेख किया गया है कि सुरजपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत अजबनगर में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्तमान समय में ड्रेसर की कमी से दर्जन भर से अधिक गांवों के लोगों को उचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। ड्रेसर की कमी से यहां पर आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि करीब एक वर्ष पहले इस स्वास्थ्य केंद्र में ड्रेसर पदस्थ था, लेकिन प्रमोशन होने के कारण उन्हें अन्य स्वास्थ्य केंद्र में भेज दिया गया है। तब से अभी तक उक्त स्वास्थ्य केंद्र में किसी ड्रेसर की पदस्थापना नहीं हो सकी है। ड्रेसर की मांग को लेकर ग्रामवासी दो-तीन बार पूर्व में भी आवेदन दे चुके हैं लेकिन मामले का निराकरण नहीं हो सका है। ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर से यहां पर जल्द ही ड्रेसर की पदस्थापना किए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से शिवनंदनपुर भाजपा मंडल महामंत्री संदीप सरकार, दिलीप समद्दार, कार्तिक दास, कृष्णा चौधरी, श्यामल दास, दिनेश सरकार व अन्य उपस्थित थे।





### लेफ्टिनेंट अहिरवार को मिला सर्वश्रेष्ठ एनसीसी अधिकारी का पुरस्कार

**अम्बिकापुर।** मुख्यमंत्री निवास में आयोजित सम्मान समारोह में बुधवार को शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार को सर्वश्रेष्ठ एनसीसी अधिकारी का पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एवं एनसीसी के अधिकारी की उपस्थिति में उन्हें 50 हजार का चेक देकर सम्मानित किया। एनसीसी के डायरेक्टर जनरल गुरपाल सिंह ने लेफ्टिनेंट श्री अग्रवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# खदान डकैती मामले में जब्त बाटों को पुलिस ने एसईसीएल को किया सुपुर्द



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

वर्ष भर पूर्व एसईसीएल अमेरा सहक्षेत्र कार्यालय में बंधक बनाकर कालरी कर्मियों के साथ मारपीट करके डकैती करने मामले में जब्त लोहे के बाटों को बुधवार को पुलिस ने एसईसीएल कम्पनी के सुपुर्द कर दिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि वर्ष 2023 में नौ की संख्या में हथियारबंद आरोपियों द्वारा अमेरा सहक्षेत्र कार्यालय में धावा बोलकर कालरी कर्मियों को बंधक बनाकर मारपीट करते हुए लोहे की बाट को लूटकर ले गए थे। मामले में पुलिस द्वारा घटना के कुछ दिनों बाद ही आरोपियों की गिरफ्तारी करके न्यायालय पेश कर दिया गया था। इसके पश्चात बुधवार को पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर एसईसीएल प्रबंधन को 100 नग बाट को वापस लौटा दिया गया है। मामले में पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 342, 506, 395 आईपीसी, 25 आर्म्स एक्ट व लोक संपत्ति नुकसानी अधिनियम की धारा 3 के तहत कार्यवाही की गई थी।



# विकासखंड स्तर पर आयुष मेला लगाकर किया गया उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

बुधवार को विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन नगर के मुख्य बाजार स्थल पर किया गया। जिला आयुर्वेद अधिकारी के निर्देश पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बंटी बैरागी व शिविर प्रभारी डॉ. दिलीप कुमार प्रदान द्वारा शिविर में विभिन्न बीमारियों से संबंधित उपचार परामर्श तथा निःशुल्क दवाइयां वितरण किया गया।

शिविर के उद्घाटन में ओड़गी सरपंच श्रीमती गौरी सिंह, मंडल उपाध्यक्ष संतोष सिंह, मंडल मीडिया प्रभारी मोहन राम राजवाड़े शामिल हुए और भगवान धन्वंतरि की छायाचित पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के दौरान लोगों को पुरानी बीमारियों गठिया वात, अर्स रोग, बवासीर, सुगर, बीपी, पुरानी खांसी, ज्वर, स्त्री रोग, उदर रोग आदि के संबंध में चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श व उपचार दिया गया। शिविर में कुल रोगियों की संख्या 513 थी। इनमें बीपी के 169, शुगर एवं सिकलिन के 129, उदर रोग के 131 वात रोग 67 बाबासीर 17 मरीजों का उपचार किया गया। इस दौरान डॉ. आरके पटेल, डॉ. श्लोक नायक, डॉ. मुकेश गुप्ता, डॉ. एमएल कुशवाहा, फार्मासिस्ट सुनील कंवर, अनिल मांडवी, जयप्रकाश कुजूर, जयक्रस कुजूर एवं लैब टेक्नीशियन श्रीमती निशा दुबे, प्रियम चतुर्वेदी, बीपीएम सखन राम आयाम, गोपाल शरण सिंह, ओपी रजवाड़े, छोटेलाल सोनवानी आदि मौजूद थे।

# विवाह से पहले जरूर कराएं सिकलिंग जांच एसएस व एएस वाले आपस में ना करें शादी




हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सिकल सेल दिवस पर चलाया गया जागरूकता अभियान

विश्व सिकल सेल दिवस पर राजमोहिनी देवी भवन में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश अग्रवाल शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान सीएमएचओ डॉ. आरएन गुप्ता ने बताया कि सिकल सेल एक जेनेटिक बीमारी है जो माता-पिता से बच्चों में आती है। एएस एवं एसएस वाले व्यक्ति आपस में शादी न कर नेगेटिव वाले से ही शादी करना सुनिश्चित करें जिससे हमारे परिवार से एवं समाज से सिकलिंग का उन्मूलन हो सके। उन्होंने बताया कि जो बीमार व्यक्ति है उनका ईलाज लगातार चिकित्सक के सलाह से लेते रहने से रक्त चढ़ाने की प्रवृत्ति घटती है तथा अन्य लक्षण में भी सुधार दिखता है। जो एएस एवं एसएस वाले हैं उनकी शादी होने से पूर्व काउंसलिंग कर आने वाले पीढ़ी को सिकलिंग मुक्त किया जा सकता है। सिविल सर्जन डॉ. जे के रेलवानी ने बताया कि इस बीमारी के लक्षण बच्चे के जन्म के 5 या 6 माह बाद से ही दिखने शुरू हो जाते हैं, इस बीमारी से शरीर में दर्द, बैक्टीरियल संक्रमण होना, हाथों और पैरों में सूजन, दृष्टि संबंधी समस्याएं, हड्डियों को नुकसान, एनीमिया और प्यूबर्टी या प्रौढ़ता आने में देरी आदि लक्षण दिखते हैं। डीपीएम डॉ. पुष्पेन्द्र राम ने बताया कि सिकल सेल दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से हितग्राहियों को 2513 जेनेटिक कार्ड का वितरण एवं 4988 हितग्राहियों का सिकल सेल स्क्रीनिंग किया गया। कार्ड वितरण समस्त विकासखण्डों में मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है। आज सिकलिंग के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा अम्बेडकर चौक से घड़ी चौक तक जनजागरूकता रैली निकाली गई तथा लोगों को सिकलसेल के बारे में बताया गया। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं के द्वारा नुक्कड नाटक एवं तथा क्वीज के माध्यम से भी सिकलिंग के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस दौरान कलेक्टर, आदिवासी विकास विभाग के उप संचालक डीपी नागेश, सिकल सेल नोडल डॉ. श्रीकांत सिंह, एनसीडी नोडल डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता, जिला समन्वयक संगवारी कार्यक्रम विश्विजय, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, नर्सिंग के छात्र-छात्राएं तथा आमजन उपस्थित थे।



### संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को भेंट की व नेट

**सूरजपुर।** जिला वॉलीबॉल संघ जिला अध्यक्ष अजय गोयल, जिला सचिव राम श्रृंगार यादव व कोषाध्यक्ष राजनाथ गुप्ता ग्राम बरपारा व रामनगर के मिनी स्टेडियम ग्राउंड पहुंचे। जहां संघ के पदाधिकारियों द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए दो वॉलीबॉल, एक नेट व डम्बल प्रदान किया। इस दौरान वॉलीबॉल ग्राउंड में पौधरोपण किया गया। संघ अध्यक्ष अजय गोयल ने कहा कि जिला वॉलीबॉल संघ उन्हें खेल सामग्री व खेल सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। वॉलीबॉल संघ जिला में खेल एकेडमी खोले जाने हेतु प्रयासरत है जिससे खिलाड़ियों को बेहतर वातावरण मिल सके। सचिव राम श्रृंगार यादव ने कहा कि वॉलीबॉल के क्षेत्र में खिलाडियों को काफी अवसर है, खेल से खिलाड़ियों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। खेल के क्षेत्र में मेहनत करने पर खिलाड़ी बेहतर करियर बना सकते है। कोषाध्यक्ष राजनाथ गुप्ता ने कहा गया कि खिलाड़ियों के खेलों में आवश्यक सुधार हेतु अच्छे प्रशिक्षकों को नियुक्त करने की योजना बनाई जा रही है। खिलाड़ियों ने संघ के पदाधिकारियों से फ्लड लाइट की मांग की जिस पर पदाधिकारियों ने भविष्य में पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान राष्ट्रीय रेफरी दिनेश साहू, बालक-बालिका खिलाडी व बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

